तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार, 15 अगस्त 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



09 ऑटोमोबाइल विद्यार्थियों को मिला गेस्ट लेक्चर...





09 कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय एंटी रैगिंग...




संगोष्ठी : बस स्टैंड में आयोजित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया और अंत में निकाला गया मौन जुलूस

## देश में विभाजनकारी तत्व समय-समय पर करते रहते हैं शक्ति प्रदर्शन : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर के पुराने बस स्टैंड में जहाँ विभाजन से संबंधित चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई वही भाजपा कार्यलय कमल सदन में विभाजन की त्रासदी पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप ने विभाजन विभीषिका की हकीकत को उजागर किया। संगोष्ठी पश्चात पुराने बस स्टैंड में चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया और अंत में ऊपर नीचे रोड से पुराने बस स्टैंड तक मौन जुलूस निकाला गया।

- विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर वनमंत्री ने बताई हकीकत, इसे समझने की है जरूरत

कमल सदन में आयोजित संगोष्ठी में वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि 14 अगस्त विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम इस विभीषिका में प्राण गंवाने वाले सभी जनों को मैं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत का विभाजन सिर्फ एक देश का विभाजन नहीं था, यह मानवीय इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी थी। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस भारत की एकता और अखंडता को कैसे चोट पहुंचाई गई, यह उसकी भी याद दिलाता है। विभाजन का दंश झेलने वाली पीढ़ी ने जो वेदना व्यक्त की है, उसे वर्तमान और आने वाली पीढ़ियां कभी नहीं भूलेंगी। इतिहास में की गई गलतियों से जो देश और समाज सीख नहीं लेते हैं, उन्हें बड़े नुकसान उठाने पड़ते हैं। इतिहास का यदि सही तरीके से मूल्यांकन किया जाए तो पता चलता है कि भारत का विभाजन कुछ राजनीतिक ताकतों के स्वार्थ को पूरा करने के लिए किया गया। मुस्लिम लीग से लेकर जिन्ना को खुश करने के लिए यह सब कुछ हुआ, जिस स्वतंत्रता के लिए हमारे हजारों-लाखों वीर सेनानियों ने प्राणों का बलिदान दिया, क्या उन्हें भारत का विभाजन स्वीकार्य होता। 1950 में 20 लाख और गैर मुस्लमान पश्चिम बंगाल से आए और 10 लाख मुसलमान पश्चिम बंगाल से पूर्वी पाकिस्तान चले गए। इस विभीषिका 10 लाख से अधिक लोग मारे गए हैं। 17 दिसम्बर 1947 को सिंध के हैदराबाद तथा 6 जनवरी 1948 को कराची में हुए भयावह दंगों ने हिंदू एवं सिख तथा अल्पसंख्यकों को काफी दंश झेलना पड़ा। 33 हजार हिंदू महिलाओं का अपहरण कर लिया गया था। विभाजन के दौरान महिलाओं को जो पीड़ा झेलनी पड़ी, उनका अनुभव पुरुषों से बहुत अलग था। राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ जैसे राष्ट्रवादी संगठनों के द्वारा उस दौरान किए गए राहत कार्यों का भी याद करने का है। संघ के कार्यकर्ताओ ने विभाजन का दंश झेलने वाले लोगों के लिए राहत कार्य संचालित किया, वह दुनिया भर में प्रेरक है। संघ द्वारा संचालित राहत कैंपों में भोजन, कपड़े से लेकर रक्त दान व उपचार की व्यवस्था की जाती थी। इन राहत कैंपों में किसी व्यक्ति के साथ धर्म के नाम पर भेदभाव नहीं किया गया।

### आज भी कई ताकते देश में सक्रिय है

वन मंत्री ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस सिर्फ 1947 में सक्रिय विभाजनकारी ताकतों को ही बेनकाब नहीं करता है, आज भी ऐसे तत्व हैं इनसे समाज को बचना होगा। देश में विभाजनकारी तत्व समय-समय पर अलग-अलग रूप लेकर सामने आते हैं। इस अवसर पर मैं यह भी कहना चाहता हूं कि आज माओवाद, आतंकवाद, शहरी नक्सलवाद, मजहबी कट्टरता के शक्ल में जो विभाजनकारी ताकतें देश में सक्रिय हैं, उनसे भी समाज को बचना होगा ।



### विभाजन का दर्द सहना पड़ा

वन मंत्री ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को एक ओर जहां देश आजादी का जश्न मना रहा था, वहीं दूसरी ओर देश के विभाजन का दर्द भी हमें सहना पड़ा। विभाजन के दौरान 20 लाख गैर-मुसलमान पूर्वी बंगाल, जो बाद में पूर्वी पाकिस्तान बना, वहां से निकलकर पश्चिम बंगाल आए। भारत ने मानवता के कल्याण के नाम पर सभी को अपनाया। भारत ने कभी धर्म या मजहब के नाम पर किसी से भेदभाव नहीं किया, क्योंकि हम सर्वे भवन्तु सुखिनः और वसुधैव कुटुंबकम के मंत्र को मानने वाले लोग हैं।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर सांसद भोजराज नाग, विधायक आशाराम नेताम, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, प्रदेश मंत्री महेश जैन, भरत मटियारा, दिलीप जायसवाल, राजीव लोचन सिंह, हलधर साहू, तारा ठाकुर, राजा देवनानी, जयंत अटभैया, दीपक खटवानी, राकेश शर्मा, अनूप राठौर, देवेंद्र भाऊ, मीरा सलाम, नीलू तिवारी, मनोज ध्रुव सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता व आम नागरिक उपस्थित रहे।

भारत के विकास और प्रगति में योगदान देने के लिए शपथ दिलाई

## स्वतंत्रता का अलख जगाने लगाई दौड़ जनप्रतिनिधि और नागरिक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्वतंत्रता दिवस के 14 अगस्त को सुबह साढ़े 7 बजे स्वतंत्रता सद्भावना दौड़ शासकीय नरहरदेव उमावि परिसर से प्रारंभ होकर कोमलदेव शासकीय जिला चिकित्सालय के पास जयस्तंभ चौक से वापिस होते हुए शासकीय नरहरदेव विद्यालय के खेल मैदान में समाप्त हुई। विधायक ने सद्भावना दौड़ के सभी प्रतिभागियों को अपने घरों में तिरंगा फहराने, स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतों का सम्मान करने एवं भारत के विकास और प्रगति में योगदान देने के लिए शपथ दिलाई।

विधायक आशाराम नेताम द्वारा हरी झंडी दिखाकर सद्भावना दौड़ का शुभारंभ किया गया। विधायक ने कहा कि यह दौड़ सद्भावना दौड़ के समाप्ति के पश्चात विधायक ने नगरवासियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्वतंत्रता का अलख जगाने के उद्देश्य से घर-घर में तिरंगा फहराने आव्हान किया गया है। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर चलाए जा रहे, इस अभियान में सभी अपनी भागीदारी निभाएं। वर्तमान में नशे की लत ने युवाओं को जकड़ कर रखा है, सभी उपस्थित लोगों से अपील करते हुए नशे की बुराई को समाप्त करने और अपने घर, परिवार, शहर और समाज को स्वस्थ, सुंदर और स्वच्छ रखने में सभी अपना योगदान देने की बात ▶▶| शेष पेज 08 पर

### कलेक्ट्रोरेट उद्यान का होगा कायाकल्प



कांकेर। कलेक्टर ने 14 अगस्त को जिला कार्यालय परिसर स्थित उद्यान का निरीक्षण किया और उसके कायाकल्प के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर ने जिला कार्यालय के सामने उद्यान का निरीक्षण कर नियमित साफ-सफाई ▶▶| शेष पेज 08 पर


तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024 14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024
02 मई से 16 मई 2024
राशिः-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411




## खबर संक्षेप

### 20 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर नीलेश क्षीरसागरर ने सर्प काटने, पानी में डूबने और आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने के पांच प्रकरण में उनके निकटतम आश्रितों को चार-चार लाख रूपएं की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। तहसील कांकेर के ग्राम बोरगांव निवासी 47 वर्षीय रामबती उसेंडी की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर उनके परिजन सोहन उसेंडी और मोनिका उसेंडी को संयुक्त रूप से चार लाख रूपएं की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम कनेचूर निवासी 37 वर्षीय सुकराम कोरेटी की डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी नंदकि कोरेटी को चार लाख रूपएं, दुर्गूकोंदल तहसील अंतर्गत ग्राम सुरूंगदोह निवासी 46 वर्षीय उमेंद सिंह नेताम की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी संगीता नेताम को चार लाख रूपएं और ग्राम गुडफेल की 8 वर्षीय कुमारी दीपिका की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर उनके परिजन मेहतर राम पुरामे और बुध्यारिन बाई को चार लाख रूपएं तथा सरोना तहसील के ग्राम चोरिया निवासी 26 वर्षीय विजय कुमार की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी घसनिन बाई को चार लाख रूपएं की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष बनीं शकुंतला

**दुर्गुकोंदल।** भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शकुंतला नरेटी को कन्या आवासीय विद्यालय दुर्गुकोंदल की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। अध्यक्ष नियुक्त करने पर कन्या आवासीय विद्यालय दुर्गुकोंदल के द्वारा स्वागत किया। अध्यक्ष मनोनीत होने पर शकुंतला नरेटी ने बताया कि छात्राओं की भलाई के लिए कार्य करूंगी। संस्था में विषयवार शिक्षक हो। शिक्षा का माहौल निर्मित हो मेरा पूरा प्रयास रहेगा। इस अवसर पर आरसी लतीफ सोम, सुनीता कुंजाम, शैलेंद्री मरकाम, मनीषा सिन्हा, सावित्री ठाकुर, नरेंद्र साहू, दयालु ठाकुर, जागेंद्र गहरे, विनीता बघेल, प्रियंका बाघमरिया, शंकर दास नागवंशी, अनुभव साहू व अन्य लोग उपस्थित रहें।

### युवक ने खुदकुशी की,कारण अज्ञात

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत ग्राम इरनापार निवासी 24 वर्षीय बिरजू राम कतलामी का फांसी लगाने के कारण मौत हो गई। इरनापार निवासी पांडू कतलामी ने पुलिस को बताया की मृतक 12 अगस्त को रात करीबन 10 बजे अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### समीक्षा बैठक 16 को

**जगदलपुर।** कमिश्नर डोमनसिंह की अध्यक्षता में 16 अगस्त को पूर्वान्ह 11 बजे से कार्यालय कमिश्नर बस्तर संभाग के सभाकक्ष में राष्ट्रीय खनिज विकास निगम के परिक्षेत्र विकास निधि मद अंतर्गत कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 हेतु प्रस्तावित नवीन कार्ययोजना में उल्लेखित कार्यों का औचित्य उपलब्ध कराने की अद्यतन स्थिति, नगरनार के ग्राम कोपागुड़ा में प्रस्तावित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल निर्माण एवं ग्राम चोकावाड़ा में प्रस्तावित आईटीआई एवं पॉलीटेक्निक भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति, एनएमडीसी सीएसआर मद अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति, एनएमडीसी सीएसआर मदांतर्गत एनएमडीसी से प्राप्त होने वाली शेष राशि की स्थिति इत्यादि की समीक्षा की जाएगी।

### शोकित परिवार से मिले विधायक बघेल

**भोंड।** ग्राम पंचायत बड़े जीराखाल जामगुड़ापारा में पुजारी स्व.गिरधर बघेल का निधन हो गया। शोकित परिवार के सदस्यों से मिलने विधायक लखेश्वर बघेल पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और मृतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## आजादी पर्व के पहले स्वतंत्रता-तिरंगा दौड़ का आयोजन

# बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से बुधवार की सुबह स्वतंत्रता-तिरंगा दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ को पद्मश्री धरमपाल सैनी, सांसद

- **सांसद-जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर, सीईओ सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, एनसीसी, एसडीआरएफ के जवान और नागरिकों ने लगाई दौड़**

बस्तर महेश कश्यप ने हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया। इस दौड़ में गणमान्य जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर विजय दयाराम के., पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे सहित प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, बहु संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं, एनसीसी और स्काउट-गाईड के कैडेट्स, एसडीआरएफ के जवान और नागरिकगण शामिल हुए। दौड़ से पूर्व सभी अतिथियों ने शहीद स्मारक में पुष्प चक्र और पुष्प अर्पित कर नमन किया।

मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप ने कहा कि इस स्वतंत्रता-तिरंगा दौड़ का आयोजन का उद्देश्य हम सब भारतवासी स्वतंत्रता सेनानियों, वीर शहीदों के कुर्बानी को सम्मान, स्मरण कर श्रद्धांजलि देने और देश प्रेम की भावना को जगाने के लिए किया जाता है। खेल को जीवन का अभिन्न हिस्सा मानते हुए हर खेल गतिविधियों में शामिल होना चाहिए। जिसने खेलना नहीं जाना, उसने जीना नहीं जाना। इस दौरान सांसद कश्यप ने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत उपस्थित सभी लोगों को अपने घरों में तिरंगा फहराने की शपथ दिलाई।

पद्मश्री धरमपाल सैनी ने कहा कि देश के विकास में मन-वचन और अपने कर्तव्य का पालन कर सहभागी बने। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वंतत्रता-तिरंगा दौड़ का आयोजन किया गया है। हमनें गत वर्ष 77वीं स्वतंत्रता दिवस उत्साह, उमंग के साथ मनाए, जो हमको पूर्वजों ने अपने खून बहाकर हमें आजादी दिलवाए, हर साल उन वीरों की कुर्बानी और देश के प्रति बलिदान को याद रखते हुए, इस दिन की महानता व विशेषता को स्मरण करने के साथ ही अगली पीढ़ी को बताना है। कार्यक्रम को महापौर सफीरा साहू ने भी संबोधित करते हुए स्वंतत्रता दिवस के एक दिन पूर्व प्रतीकात्मक, सांकेतिक स्वरुप में अमृत महोत्सव में स्वतंत्रता-तिरंगा दौड़ के आयोजन के लिए दौड़ में भाग लेने वाले सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीपी बघेल, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिला प्रशासन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वतंत्रता-तिरंगा दौड़ का आयोजन किया गया है। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों सहित अधिकारी-कर्मचारियों, शिक्षण संस्थाओं के छात्र-छात्राएं, पुलिस ट्रेनिंग सेंटर व होमगार्ड के जवान, खेल संघों के खिलाड़ी व पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वतंत्रता-तिरंगा दौड़ सुबह 8 बजे मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर से संजय मार्केट, हनुमान मंदिर, हाता ग्राउंड, चांदनी चौक, मेन रोड होते हुए गोल बाजार चौक से पुनः मां दंतेश्वरी मंदिर प्रागंण पहुंचकर समाप्त हुई।

## आत्मीय स्वागत...



**जगदलपुर।** स्थानीय मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के बस्तर प्रवास के जगदलपुर आगमन पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान एयरपोर्ट में विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर विजय दयाराम के., एसपी शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया।

# अखंड भारत दिवस एक सपना नही : शिशुपाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अखंड भारत दिवस पर बुधवार को विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त उपाध्यक्ष शिशुपाल राजपूत का शहर प्रवास हुआ। वे विश्व हिंदू परिषद के 60वें स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन देने आए थे। स्थानीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में परिषद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ परिषद की स्थापना दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों विचार विमर्श कर उनका मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा आज चूंकि अखंड भारत दिवस भी एक सपना मातृ नही है, जिस भूमि पर रहने वाले गाय को माता स्वरूप मानते हो, जो भाव से निष्ठापूर्वक कार्य करने की प्रेरणा देती हो उसकी वेदना को हम कभी नहीं भूल सकते। 15 अगस्त को हमे स्वतंत्रता का भाव जरूर मिला, किन्तु विभाजन की विभीषिका को भी झेलना पड़ा। आज जिनकी सीमाएं हमसे लगती हैं वो कभी हमारे ही अंग थे। जो बांग्लादेश हमारी सहयोग से राष्ट्र निर्माण कर सका,जहां उस समय हिंदू धर्मावलंबियों की संख्या 32 प्रतिशत हुआ करती थी, अब मात्र 8 प्रतिशत तक सिमट कर रह गई है। आज बांग्लादेशी घुसपैठी कटरपंथी मानसिकता वाले हमारे लिए खतरा बन बैठे हैं। उन्होंने कहा इस समय हमे राष्ट्र के चरित्र निर्माण पर बल देने की आवश्यकता है। आज राष्ट्र को एक और पुनर्जागरण की आवश्यकता आन पड़ी है। इस अवसर पर विभाग मंत्री रवि ब्रम्हचारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# 231 बटालियन ने निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

231वीं बटालियन के प्रांगण जावंगा गीदम में देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव पर सुनील भवर कमांडेंट 231 बटालियन के मार्गदर्शन में हर्षोल्लास से हर घर तिरंगा रैली का आयोजन गांव-गांव में किया जा रहा है। भारत सरकार के इस अभियान को लेकर 231 बटालियन के जवान मुख्यालय के साथ-साथ आस-पास के गांवों में घर-घर पहुंच रहे हैं।

इस तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिससे लोगों में देश के प्रति प्रेम की भावना बढ़ाई जा सके और तिरंगे के सम्मान के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया जा सके। इस अभियान के तहत 231वीं बटालियन के अधिकारियों एवं जवानों द्वारा आज बाईक रैली का आयोजन तिरंगा के साथ वाहिनी मुख्यालय से स्वामी आत्मानन्द स्कूल, प्राथमिक शाला बागमुंडी पनेडा, शासकीय हाई स्कूल कन्या पोटाकेबिन गुमड़ा तथा पूर्व माध्यमिक शाला जावंगा तक किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से भारत सरकार की इस मुहिम से जुड़कर अपने घरों में तिरंगा फहराकर इस महोत्सव में अपनी भागीदारी निभाने के लिए बच्चों तथा शिक्षकों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बीच चॉकलेट का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर वाहिनी के कमाण्डेंट सुनील भवर ने कहा कि दायित्व ही हमारा वास्तविक त्यौहार है।

# गुरु गोविंद सिंह वार्ड में चलाया गया हर घर तिरंगा अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर देश में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसमें हर तबके के लोग जुड़ रहे हैं। यह कार्यक्रम लोगों मे देशभक्ति की अलख जगा रहा है। देश की आजादी के लिए शहीद हुए सभी वीरों का भी स्मरण करते हुए देशभक्ति नारे से जन जागरण एवं देशभक्ति जागने का कार्य किया जा रहा है।

गुरुवार को गुरु गोविंद सिंह वार्ड हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप पूर्व वन विकास निगम अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुई। जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा भारत माता की जय वंदे मातरम नारों के साथ हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया। इस अभियान में संग्राम सिंह राणा, ममता सिंह राणा, बिजली बैध, सुरेश कश्यप, गोविंद राव, दिव्यराज सिंह राणा, सुनीता व स्कूली बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

### कांग्रेसियों ने 9 ब्लॉकों में निकाली संविधान यात्रा

**दंतेवाड़ा।** आजादी के 78वें महोत्सव पर बुधवार को दन्तेवाड़ा जिले के 9 ब्लॉक क्रमशः बचेली, गीदम, कटेकल्याण, कुआकोण्डा, बचेली ग्रामीण, दंतेवाड़ा ग्रामीण एवं शहर ब्लॉक में एवं बारसूर ब्लॉक में प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार कांग्रेसियों ने संविधान यात्रा निकाली।

# तिरंगा यात्रा में शामिल हुए विधायक अटामी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी के नेतृत्व में आज धूम धाम से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस कार्यक्रम में भारत माता के नारों की गूंज के साथ आम जनता भी शामिल हुए।

विधायक चैतराम अटामी के नेतृत्व में हजारों की संख्या में भाजपा व युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय चितालंका से बाईक रैली निकालकर दंतेवाड़ा नगर भ्रमण करते हुए गीदम पहुंचे। भाजपा की तिरंगा यात्रा का आम जनता ने पूरा साथ दिया।

पूरे जोश के साथ आम जनता भी रैली में शामिल हुई। भाजपा की तिरंगा यात्रा ने दंतेवाड़ा व गीदम में चारों ओर भारत माता के नारों की गूंज से माहौल को पूरी तरह देशभक्तिमय कर दिया। भारत माता की जय के जयघोष और नारों से लोगों में स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को लेकर उत्साह दिखा। भाजपा तिरंगा अभियान के तहत विधायक चैतराम अटामी के साथ तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं क्षेत्रीय जन उपस्थित हुए। विधायक चैतराम अटामी ने अभियान के तहत लोगों से अपने घरों और प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराने की बात कही।

# अभियुक्त को आजीवन कारावास व अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के किंजाली गांव में दो साल पूर्व युवक को रास्ते रोककर ग्रामीण ने पेट में चाकू मार कर हत्या

- **युवक को रास्ते में रोककर चाकू मारने से हुई हत्या**

की। इस पर प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर अभियुक्त को आजीवन कारावास और 500 रूपए अर्थदंड दिया। मामले में अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक अखिलेश्वर दास ने पैरवी की।



न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 सितंबर 2022 को धनसिंग कश्यप मृतक का पिता ने थाना बस्तर में मौखिक शिकायत दर्ज कराया कि उसका लड़का मनधर कश्यप 6 सितंबर 2022 को खाना खाकर अपने दोस्तों के साथ गणेश देखने जा रहा था, तभी पुलिया के पास सोनू के घर के सामने चक्कर भद्रे ने उसके लड़के का रास्ता रोककर उसके साथ गाली-गलौज कर, जान से मारने की धमकी देकर, चाकू से मनधर के पेट में मार दिया, जिससे उसके पेट में चोट आई। घटना को सोना, ओमदेव छुड़ाये और अधिक चोट लगने के कारण रात्रि में ही 112 से डिमरापाल अस्पताल में भर्ती किए। उपचार के दौरान 8 सितंबर 2022 को मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में मनधर की मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट पेश किया, जहां से आरोपी को जेल भेजा गया। मामले में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर अभियुक्त को आजीवन कारावास और 500 रूपए अर्थदंड दिया।

### जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**दरभा।** ब्लॉक मुख्यालय दरभा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी केशरी लाल फाफा एवं जनप्रतिनिधियों के साथ स्कूली छात्र-छात्राओं, जनपद कर्मचारियों ने बुधवार को साप्ताहिक बाजार से लेकर मुख्य मार्ग तक तिरंगा रैली निकाली। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 9 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत हर व्यक्ति को अपने-अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बुधवार को मुख्यालय के स्कूली बच्चों के द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल से साप्ताहिक बाजार, होते हुए एनएच, बस्ती से लेकर तहसील ऑफिस से जनपद कार्यालय तक हर घर तिरंगा यात्रा के तहत रैली निकाली गई।

# बहू पर टंगिया से जानलेवा हमला फरार आरोपी जेठ की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- **बैंक से निकाली गई रकम को खर्च करने के नाम पर हुआ विवाद**

दुर्गुकोंदल थानांतर्गत ग्राम उत्तामार में जेठ ने बहू को शराब के नशे में कर्ज पटाने के लिए बैंक से पैसा निकाला था, उसको तुम लोगो ने निकाल कर खर्च किए हो की बात को लेकर बहू को गाली देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर टंगिया से जानलेवा हमाला किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। दुर्गुकोंदल थाना में शिकायत करने पहुंचे ग्राम उत्तामार निवासी 23 वर्षीय संतोष कुमार नरेटी पिता विष्णू राम नरेटी ने पुलिस को बताया कि मैं खेती किसानी का काम करता हूं। 12 अगस्त को दोपहर करीबन 12 बजे अपने पिता अपने पिता को लेकर पैसा निकालने के लिए भानुप्रतापपुर ग्रामीण बैंक गया था। घर में मेरी पत्नी सुनीता व मेरी 15 दिन की बच्ची और मां रासो बाई नरेटी घर पर ही थे। ग्रामीण बैंक के अंदर जाकर पैसा निकालने के लिए पर्ची फार्म भर रहा था उसी समय करीबन 1 बजे पड़ोसी जीजा अली राम उसेडी निवासी उत्तामार ने फोन कर बताया कि तुम्हारी पत्नि को तुम्हारे भाई संतलाल नरेटी ने घर में रखे टंगिया से उसके सिर में मार दिया है और खून निकलने लगा, जिससे स्थिति गंभीर हैं। ईलाज के लिए गाड़ी बुलाना ह। भानुप्रातपपुर से घर ग्राम उत्तामार पहूंचा तो मेरी पत्नि व मेरी मां घर पर नही थे उसी समय पड़ोसी जीजा मुझे देखकर अपने घर बुलाया तब उसके घर जाकर देखा मेरी पत्नी के सिर, मुंह से खुन निकल रहा था गंभीर अवस्था में थी फिर मैने संजीवनी 108 वाहन को फोन किया। गाड़ी के आने पर पत्नि का ईलाज कराने के लिए मां, पिता के साथ दुर्गुकोंदल अस्पताल आकर भर्ती किया। ईलाज के बाद मेरी पत्नि से घटना के बारे में पूछने पर बताया कि दोपहर करीबन पौने 1 बजे जेठ संतलाल नरेटी शराब के नशे में मुझे बोला कि मैं कर्ज पटाने के लिए बैंक से पैसा निकाला था, उसको तुम लोगो ने निकाल कर खर्च किए हो, कहकर गाली देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मार दूंगा कहकर घर में रखे टंगिया से मेरे सिर में, दाहिने गाल, गर्दन में मार दिया। घटना को मेरी सास देखी और आवाज लगाई तब जेठ घर से भाग गया। पड़ोसी जीजा घर में आकर मेरे सिर में पटका बांधा और मेरे हालात को देख कर अपने घर ले जाकर तुम्हारे पास में फोन लगा कर बताया। डा. के द्वारा उचित ईलाज के लिए मेरी पत्नि को रिफर करने पर शासकीय जिला अस्पातल में भर्ती किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 109, 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# 28वीं वाहिनी ने अमृत महोत्सव में हर घर तिरंगा रैली निकाली



**अंतागढ़।** 28वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ के द्वारा गृह मंत्रालय तथा बल मुख्यालय ससीब के निर्देशानुसार कमांडेंट अरुण देवगम के दिशा निर्देशन में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हर घर तिरगां कार्यक्रम की रैली वाहिनी मुख्यालय से चलकर नजदीकी गांव कुहचे, कोदगांव एवं अंतागढ़ बाजार तक आयोजित किया गया, जिससे आम नागरिकों को देशभक्ति की भावना का प्रोत्साहन मिलें। इस कार्यक्रम के दौरान कोदंगाव के हाई सेकेंडरी स्कूल के सभी शिक्षक, छात्र-छात्राओं ने इस रैली में बढ़-चढ कर हिस्सा लिया। तत्पश्चात हर घर तिरगें की यह रैली अंतागढ़ बाजार में पहुंचकर वहां उपस्थित सभी आम नागरिकों एवं बच्चो के साथ मिलकर इस कार्यक्रम को अति उत्साहपूर्वक ढंग से मनाया। इस अवसर पर कार्यक्रम में भाग लेने वाले नागरिको, स्कूली बच्चों व 28वीं वाहिनी के कार्मिको को कमांडेंट ने बताया कि ससीब अपने सेवा सुरक्षा बन्धुत्व का पालन करते हुए रावघाट रेलवे प्रोजेक्ट की सुरक्षा के साथ-साथ अपने कार्य क्षेत्र में आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए भारत सरकार गृह मंत्रालय के दिशा निर्देशानुसार नागरिक कल्याण कार्यक्रम, सामुदायिक कल्याण कार्यक्रम तथा समय समय पर निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन करती रहती है। इसके अलावा सभी नागरिको को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरो में तिरंगा झण्डा फहराने हेतु प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर उप कमांडेंट चंद्राई मुर्मू, सहायक कमांडेंट अजय कुमार सहित अन्य अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी व बल कार्मिकों के साथ आस-पास गांव के नव युवक व स्कूली बच्चे उपस्थित रहें।

### छात्राओं ने निकाली हर घर तिरंगा रैली



**भोंड।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में घर-घर तिरंगा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम परचनपाल में बुधवार को रैली का आयोजन किया गया। शहीदों के सम्मान में समस्त छात्राओं द्वारा जय घोष करते हुए हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा शहीद जवान अमर रहे, आदि के नारों के साथ भव्यता के साथ रैली निकाली गई। इस रैली में प्राचार्य एआर नोन्हारे एवं सभी शिक्षक एवं कार्यालय स्टाफ सम्मिलित हुए।

पेज 07 के शेष...

### स्वतंत्रता का अलख ...

कही। कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने कहा कि कई वर्षों के संघर्षों के बाद हमें आजादी मिली है। आजादी के लिए स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और उनके योगदान को आज याद करने का दिन है। नागरिकों से अव्हान करते हुए कहा कि सभी अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी के साथ करें और देश व समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका जयंत अटभैया, जनपद अध्यक्ष रामचरण कोर्राम, वरिष्ठ नागरिक महेश जैन, अरूण कौशिक, पप्पू मोटवानी सहित जनप्रतिनिधिगण, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थी, खिलाड़ियों और गणमान्य नागरिकों सहित एनसीसी, स्काउट गाइड और एनएसएस के कैडेट ने भी सहभागिता दी।

### कलेक्ट्रोरेट उद्यान...

के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने उद्यान परिसर को सुव्यवस्थित रखने और वहां कदम्ब एवं अन्य छायादार पौधे वन विभाग से प्राप्त कर लगाने के भी निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने स्थित तालाब और उद्यान का भी निरीक्षण कर सफाई के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया। इस दौरान डीएफओ आलोक वाजपेयी, एडीएम एस अहिरवार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### नदी में डूबने से 3 साल के बालक की हुई मौत



**भानुप्रतापपुर।** ग्राम परवी में 3 वर्षीय बालक क़ी नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक बालक अर्नव क़वाची घर से लगभग आधा किमी दूर परवी नदी में चला गया और हादसे का शिकार हो गया। अपने परिजनों के साथ हमेशा नदी में नहाने जाता था मृतक बालक आज सुबह बिना बताये ही चला गया । आंगन बाड़ी भेजनें के लिए बच्चे क़ी तलाश क़ी गई तब बच्चे के नहीं मिलने से खोज बीन क़ी गई। पास ही बहने वाली नदी में बच्चे का खिलौना दिखा जिससे हादसे क़ी आशंका के कारण नदी में तलाश क़ी गई। कुछ देर में नदी में मिला मासूम का शव मां बाप क़ी एक मात्र ही संतान था मृतक परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। भानुप्रतापपुर अस्पताल में लाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित किया गया। भानुप्रतापपुर थाना के एसआई अनिल पालेश्वर ने बताया पुलिस ने मार्ग कायम कर शव को पीएम कराकर परिजनों को सौप दिया ।

विडंबना : सीएम द्वारा गठित आयोग में ओबीसी वर्ग का एक भी सदस्य नहीं

# पिछड़ा वर्ग समाज की जिला बैठक में 17 को की जाएगी आरक्षण पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

सर्व पिछड़ा वर्ग समाज जिला उत्तर बस्तर कांकेर के समस्त सदस्यों जिला कार्यकरणी समस्त ब्लॉक अध्यक्ष सचिव की बैठक काँकेर के यादव समाज भवन मेला भाठा में समय 12 बजे से आहूत की गई है। ओबीसी को आरक्षण के विषय में वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विमर्श हेतु व इस वर्ष 18 अक्टूबर को सर्व पिछड़ा वर्ग समाज गठन का स्थापना दिवस मनाने हेतु यह चर्चा किया जाएगा। वहीं छत्तीसगढ़ के भारतीय जनता पार्टी के विष्णुदेव साय सरकार द्वारा गठित ओबीसी कल्याण आयोग में बस्तर संभाग से एक भी सदस्य को नहीं लिए जाने हेतु चर्चा किया जाएगा।

- कई निकायों में 70-75 प्रतिशत आरक्षण पर ओबीसी अपेक्षित लाभ से वंचित

सर्व पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष जगन्नाथ साहू,हरेश चक्रधारी संरक्षक पिछड़ावर्ग समाज जिला कांकेर एवं अशोक यादव महासचिव, गौरी शंकर साहू संरक्षक, युवराज पटेल, सुदाम यादव,राकेश गुप्ता ने बताया छत्तीसगढ़ के भारतीय जनता पार्टी की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा 8 अगस्त को गठित ओबीसी कल्याण आयोग की सात सदस्यों की समिति में बस्तर संभाग से पिछड़ा वर्ग के एक भी सदस्यों को नहीं लिया जाना बस्तर संभाग में निवासरत ओबीसी वर्ग का अपमान है। छत्तीसगढ़ में होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों में अब पिछड़े वर्ग के सीटों का आरक्षण ओबीसी कल्याण आयोग के सिफारिश पर सामाजिक और आर्थिक स्थिति का अध्ययन किया जायेगा।छत्तीसगढ़ में अभी तक आरक्षण की कोई सीमा नहीं थी। कई निकायों में 70 से 75 परसेंट तक भी आरक्षण रहा है।

इसमें ओबीसी के लिए 25 फीसदी आरक्षण फिक्स था। याने वार्ड पार्षद से लेकर नगर पंचायत, नगरपालिका और नगर निगमों के अध्यक्षों, महापौरों के लिए 25 प्रतिशत आरक्षण निर्धारित था लेकिन अब बस्तर और सरगुजा संभाग में मान 30 प्रतिशत आदिवासी आबादी है और लगभग 5 परसेंट अनु सुचित जाति की। याने दोनों मिलाकर 35 परसेंट हो गया। सुप्रीम कोर्ट की तय सीमा 50 प्रतिशत में से 35 फीसदी निकल गया। बचा 15 प्रतिशत ओबीसी को मिलेगा।

**सीधा-सीधा नुकसान ओबीसी वर्ग को**

*बचा 50 प्रतिशत अनारक्षित वर्ग को मिलेगा जिसमें किसी भी वर्ग के लोग चुनाव लड़ सकेंगे इससे सीधा-सीधा नुकसान ओबीसी वर्ग को होगा। यदि ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण देने की मनसा हो तो सुप्रीम कोर्ट के 50% आरक्षण के लिमिट को चुनौती दिया जा सकता है तमिलनाडु के जयललिता सरकार का उदाहरण देते हुए बताया कि मद्रास हाई कोर्ट के 50% लिमिट को चुनौती देते हुए नवंबर 1993 में ललिता सरकार द्वारा विधानसभा का स्पेशल सत्र बुलाकर विधानसभा में ओबीसी को 50% आरक्षण व एसटी एससी को 19% आरक्षण देने का बिल पारित किया गया जिसे लेकर जयललिता सरकार ने केंद्र के तत्कालीन नरसिम्हा राव सरकार के पास गई तब सरकार ने तमिलनाडु वाले आरक्षण कानून को संविधान की नवी अनुसूची में डाल दिया दरअसल यहां मसाला यह है की नवी अनुसूची में शामिल विषयों की अदालत में समीक्षा नहीं की जा सकती इस तरह तमिलनाडु में 69% आरक्षण आज भी है इसलिए दूसरे राज्यों से भी अक्सर मांग उठती है कि उनके आरक्षण की विषयों को नवमी अनुसूची में डाल दिया जाए यदि सच में ओबीसी वर्ग के हितैषी है तो छत्तीसगढ में भारतीय जनता पार्टी की विष्णुदेव साय की सरकार व केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी की सरकार छत्तीसगढ़ के ओबीसी एसटी एससी कि आरक्षण की सीमा को बढ़ाया जा सकता है और यहां के स्थानीय मुलनिवासी ओबीसी एसटी एससी वर्ग को आरक्षण का लाभ दिया जा सकता है।*

## ऑटोमोबाइल विद्यार्थियों को मिला गेस्ट लेक्चर का लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानबेडा.में समग्र शिक्षा के तहत चल रहे नवीन व्यवसाय का कार्यक्रम के अंतर्गत ऑटोमोबाइल में पढ़ रहे छात्र छात्राओं को प्राचार्य श्री जयराम तेता के मार्गदर्शन मे गेस्ट लेक्चर कराया गया। इस दौरान छात्रों को ऑटोमोबाइल ट्रेड की जानकारी दी गई इसमें टू व्हीलर वाहन की कार्यप्रणाली और उनकी मरम्मत के बारे में जानकारी प्रदान की गई भानबेडा. में व्यवसायिक पाठ्यक्रम में ऑटोमोबाइल विषय का अध्ययन कराया जाता है जिसके शिक्षक श्री देवेंद्र साहू हैं प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन टीम लीडर चंद्रभान पाल ने बच्चों को प्रथम संस्था में चलाए जा रहे विभिन्न ( ऑटो मोटिव 4 व्हीलर, ऑटो मोटिव 2 व्हीलर, हॉस्पिटैलिटी , सहायक नर्सिंग, वेल्डिंग, प्लंबिंग, इलेक्ट्रिकल, मल्टी फंक्शनल ऑफिस असिस्टेंट, ब्यूटी पालर )ये कोर्स के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा उनको अपने संस्था द्वारा संचालित सभी कोर्स के बारे में जानकारियां दी जिससे जिससे बच्चों को इस क्षेत्र में लाभ मिलेगा। और भविष्य मे उनको जॉब मिल जाएगा।

## पुलिस से बचाने 50 हजार की मांग की आरोपी पुलिस गिरफ्त में



**कांकेर।** मवेशी तस्करी मामले में पुलिस से बचाने के लिए 50 हजार की मांग कर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला पंजीबद्ध न्यायीक रिमांड पर लिया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 19 निवासी देवजीत मंडल ने पुलिस को बताया कि आरोपी पीव्ही 42 निवासी मिंटू सिकदार 7 अगस्त की शाम को फोन कर बोला की पखांजूर पुलिस द्वारा मवेशी तस्करी के विरुद्ध कार्यवाही में आरोपियों के साथ मेरा भी नाम आ रहा है और उससे बचने के लिए पुलिस अधिकारियों को 50 हजार रुपएं देना पड़ेगा। मिंटू सिकदार की बात को सच समझकर देवजित उसके झांसे में आ गया और उसे 50 हजार रुपएं देने को तैयार हो गया। 9 अगस्त की शाम को देवजित अपने मामा उत्तम भवाल के साथ पखांजूर के कोर्ट परिसर के पास आकर आरोपी मिंटू सिकदार को 40 हजार नकद और 10 हजार फोन-पे के माध्यम से दिया। बाद में उसे पता चला की मिंटू तो खुद जेल जा चुका है, उसके पिता महानंद सिकदार को भी पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजी है। तो उसे अपने ठगे जाने का एहसास हुआ और उसने आरोपी मिंटू सिकदार के विरुद्ध थाना पखांजूर में शिकायत किया, जिस पर थाना पखांजूर में अपराध क्रमांक 156/2024 धारा 308 (2) बीएनएस पंजीबद्ध कर आरोपी मिंटू सिकदार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में पेश किया गया।

## कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय एंटी रैगिंग सप्ताह का शुभारंभ



**कांकेर।** रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सिंगारभाट एवं कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र पखांजूर के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय एंटी रैगिंग दिवस व एंटी रैगिंग सप्ताह 12 से 18 अगस्त किया जाएगा। अधिष्ठाता डॉ. एनके रस्तोगी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप निरीक्षक थाना कांकेर रामकुमार साव, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. प्रमोद कुमार नेताम ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के छायाचित्र में माल्यार्पण व अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। प्रभारी अधिष्ठाता ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय परिसर में अनुशासन में रहकर रैगिंग व इससे संबंधित अमानवीय कृत्य की रोकथाम साथ ही विद्यार्थियों को सजग एवं जागरूक रहने की सलाह दी तथा अनावश्यक शिकायत दर्ज करने पर भी उचित कार्यवाही होने की जानकारी दिया। कृषि महाविद्यालय में एंटी रैगिंग समिति के सदस्य व मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उप निरीक्षक रामकुमार साव ने विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग एक्ट की भूमिका, इसके लाभ, रैगिंग के विभिन्न पहलू, नये कानून, कानूनी प्रक्रिया व दोषियों के लिए दंड प्रावधान से अवगत कराया। सभी विद्यार्थियों को रैगिंग से दूर रहने व परिसर में परिवारिक माहौल बनाये रखने साथ ही वर्तमान में मोबाइल के दुरुपयोग, साइबर क्राइम, सोशल मीडिया का सावधानी से उपयोग करने व ऑनलाईन धोखाधड़ी से बचने की सलाह दी। ततपश्चात महाविद्यालय एंटी रैगिंग समिति के सदस्य सचिव डॉ. पीयूष कांत नेताम ने एंटी रैगिंग के नियम, सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों का पालन व महाविद्यालय परिसर व हॉस्टल में सीनियर व जूनियर छात्र-छात्राओं से आपसी सामन्जस्य रखते हुए शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण गंगाधर, अनिल कुमार उसेण्डी, अनुराग केरकेट्टा, नेहा कंवर, गोपाल सिंह नेताम, वर्षा रानी साहू, अजय कुमार जोशी, डॉ. उर्मिला भगत, डॉ. जागृति पटेल, प्रदीप कुमार गंजीर, अंशुमाला कुजूर व समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

### एक दिनी प्लेसमेंट कैंप 23 को होगी

**कांकेर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कांकेर में 23 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि उक्त प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 272 रिक्त पदों पर भर्ती ली जाएगी, जिसमें सिक्योरिटी गार्ड के 150, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 2, वर्किंग पार्टनर के 25, मार्केटिंग के 15, केयर टेकर और नर्सिंग असिस्टेंट के 30-30 तथा नर्सिंग के 20 पद शामिल है। इच्छुक आवेदक सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ प्लेसमेंट कैंप में उपस्थित होकर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

### डूबने से युवक की मौत

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत ग्राम कोंगेरा निवासी 39 वर्षीय धनकाय पिता जयराम का खेत पानी में डूबने के कारण मौत हो गई। जयराम मातलाम ने पुलिस को बताया की मृतक का 12 अगस्त को सुबह साढ़े 4 खेत पानी में डुबने के कारण मौत हो गया।

**न्यायालय तहसीलदार भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.**

राजस्व प्रकरण क्रमांक 202404140100019/अ-21/2023-24

ग्राम भानुप्रतापपुर प.ह.नं. 05 तहसील भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर, छ.ग.

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता/संस्था को ईश्तहार प्रकाशन कर सूचित किया जाता है कि आवेदक लाभचंद पिता चम्पालाल जाति जैन निवासी भानुप्रतापपुर जिला उ.ब.कांकेर छ.ग. द्वारा ग्राम भानुप्रतापपुर प.ह.नं. 05 रानिम भानुप्रतापपुर स्थित अपने खाते की भूमि खसरा नम्बर 37/6 रकबा 0.0130 हे. पर जिसमें दुकान निर्मित परिवर्तित व्यवसायिक प्रयोजनार्थ जिसकी वार्षिक लगान 7412.00 रू. की भूमि को खातेदार स्वयं के व्यवसाय हेतु राशि की आवश्यकता होने पर अनावेदक क्रेता दिलीप बोथरा पिता लुनकरण बोथरा जाति जैन निवासी भानुप्रतापपुर जिला उ.ब.कांकेर के पास 25,50,000.00 (पच्चीस लाख पच्चास हजार) रू. में विक्रय करने सौदा किया हुआ है, तथा भूमि व्यवसायिक परिवर्तित भूमि के कारण विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर कांकेर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन के आधार पर प्रकरण दर्ज होकर जांच एवं प्रतिवेदनार्थ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः आवेदित भूमि की विक्रय होने के सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या किसी संस्था या इससे अन्य सार्वजनिक हित प्रभावित होती हो या होने की संभावना है, तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन प्रकरण के सुनवाई तिथि 30/08/2024 तक तहसील न्यायालय भानुप्रतापपुर में पेश कर सकते है। उक्त निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 14.08.2024 को न्यायालय की पद मुहर से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
भानुप्रतापपुर







मा. भोजराज नाग
सांसद कांकेर
मा. विक्रम उसेण्डी
विधायक, अंतागढ़
मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
"वन है तो जीवन है, वन है तो जल है।
वन एवं वन प्राणियों की रक्षा कीजिए।
वनो को आग से बचाएं।
"तन-मन-धन सबसे ऊपर वन" वन एवं पर्यावरण बचाने का ले संकल्प"
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. केदार कश्यप
वनमंत्री, छ.ग. शासन
विनीत : वनमंडलाधिकारी एवं प्रबंध संचालक
पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमंडल, भानुप्रतापपुर


मा. भोजराज नाग
सांसद कांकेर
मा. विक्रम उसेण्डी
विधायक, अंतागढ़
मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. रामविचार नेताम
कृषि मंत्री छ.ग. शासन
सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, देखना है जोर कितना बाजू-ए-कातिल में है।।
वक्त आने दे बता देंगे तुझे ऐ आसमां, हम अभी से क्या बताएं क्या हमारे दिल में है,
ऐ शहीदे मुल्को मिल्लत, तेरे जज्बों के निसार, तेरी कुर्बानी का चर्चा गैर की महफिल में है।।
विनीत : रवि कुमार यादव


मा. भोजराज नाग
सांसद कांकेर
मा. विक्रम उसेण्डी
विधायक, अंतागढ़
मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर
मा. दयालदास बघेल
खाद्य मंत्री
छ.ग.शासन
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
समस्त क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
दे सलामी इस तिरंगे को,
जिस से तेरी शान हैं,
सर हमेशा ऊंचा रखना इसका
जब तक दिल में जान हैं।
INDIA
विनीत- एक शुभचिंतक, कांकेर


समस्त क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं...
मो. आसिफ
मैं मुल्क की हिफाजत करूँगा
ये मुल्क मेरी जान है
इसकी रक्षा के लिए
मेरा दिल और जां कुर्बान है...
वन्दे मातरम, जय हिन्द
Independence DAY
विनीत
मो. आसिफ 'अ' वर्ग ठेकेदार
मेसर्स : - भारत टिंबर मार्ट, बरदेभाटा जिला कांकेर


मान. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. दयालदास बघेल
खाद्य मंत्री छ.ग. शासन
मा. भोजराज नाग
सांसद कांकेर
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा
हम बुलबुले हैं इसकी यह गुलसिता हमारा,
भारत माता की जय, वंदे मातरम।
कार्यालय कर्मचारी
जितेन्द्र साहू (लेम्पस प्रबंधक)
गिरीश सिन्हा, जागेश्वर साहू, हेमंत साहू,
मुकेश साहू, सोमेश ठाकुर
सौजन्य : आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित
दुर्गुकोंदल, जिला उ.ब. कांकेर


मान. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. दयालदास बघेल
खाद्य मंत्री छ.ग. शासन
मा. भोजराज नाग
सांसद कांकेर
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...
संतु पाण्डेय (प्रबंधक),
सोना राम निषाद (लेखापाल),
विशेष रावटे (लिपिक), अशोक कुमार बोगा
सौजन्य : आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित
कोड़ेकुर्से, चिखली, लोहत्तर, जिला उ.ब. कांकेर







संकलनकर्ता : शिवचरण सिन्हा दुर्गुकोंदल मो.: +91 94241 57689, 6264459143


मा. भोजराज नाग
सांसद कांकेर
मा. विक्रम उसेण्डी
विधायक, अंतागढ़
मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम
* 15 अगस्त 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक होगा संचालित
* खुरहा चपका टीकाकरण का चौथा चरण
* केन्द्रीय योजना का सभी पशुपालक लाभ उठावें।
विनीत- पशुधन विकास विभाग, उत्तर बस्तर कांकेर


15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...
स्व. मनोज मंडावी
विनीत - समस्त कांग्रेस परिवार एवं कार्यकर्तागण भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र


सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, देखना है जोर कितना बाजू-ए-कातिल में है।।
वक्त आने दे बता देंगे तुझे ऐ आसमां, हम अभी से क्या बताएं क्या हमारे दिल में है,
ऐ शहीदे मुल्को मिल्लत, तेरे जज्बों के निसार, तेरी कुर्बानी का चर्चा गैर की महफिल में है।।
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर
विनीत : समस्त भाजपा परिवार एवं कार्यकर्तागण विधानसभा क्षेत्र कांकेर


मा. नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
मा. अमित शाह
केन्द्रीय गृह मंत्री
मा.रमन सिंह
विधानसभा अध्यक्ष (छ.ग.)
मा.विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री (छ.ग.)
मा. विजय शर्मा
उप मुख्यमंत्री (छ.ग.)
मा. अरूण साव
उप मुख्यमंत्री (छ.ग.)
मा. किरण सिंह देव
छत्तीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष (बीजेपी)
मा. बृजमोहन अग्रवाल
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा. ओपी चौधरी
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा. केदार कश्यप
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
टंकराम वर्मा
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा. दयालदास बघेल
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा. लखन देवांगन
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा. लक्ष्मी रजवाड़े
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा. रामविचार नेताम
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मा.श्यामबिहारी जयसवाल
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
मा. विक्रम उसेण्डी
विधायक, अंतागढ़
विनीत : मेसर्स एस.आर. सरकार परवांजूर